भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3437

07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

रॉबर्ट्सगंज में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली

3437. श्री छोटेलाल:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के राबट्सगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की स्थिति दयनीय है जहां जिला अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) में न तो चिकित्सक और न ही दवाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध हैं; और

(ख) यदि हां, तो उक्त निर्वाचन क्षेत्र में स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं कब तक सुचारू रूप से कार्य करना शुरू कर देंगी?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): जन स्वास्थ्य एवं अस्पताल राज्य के विषय हैं तथा आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य परिचर्या केंद्र स्थापित करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए, उनके पास उपलब्ध संसाधन के दायरे में वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है, इसमें उनकी कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर उप-केंद्र (एससी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जैसी नई स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थापना भी शामिल है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के रॉबर्ट्सगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं। स्वीकृत 155 पदों के सापेक्ष में 112 नियमित डॉक्टर, एनएचएम के तहत 30 डॉक्टर, 2 वॉक-इन डॉक्टर और नीट यूजी बॉन्ड के तहत 30 डॉक्टर कार्यरत हैं। सोनभद्र जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 42 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कार्यशील

हैं, जहां सभी श्रेणियों के डॉक्टर (एलोपैथिक / एमओ-सीएचसी / आयुष) काम कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, आवश्यक औषधि सूची (ईडीएल) के अनुसार जिला अस्पताल और सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध हैं।

राज्य सरकार ने यह भी सूचित किया है कि स्थित जिला संयुक्त अस्पताल, सोनभद्र को स्वायत्तशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध किया गया है।

हेल्थ डाइनेमिक्स ऑफ इंडिया (एचडीआई), 2023-24 के अनुसार, उत्तर प्रदेश सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में कार्यशील स्वास्थ्य परिचर्या केंद्रों और उपलब्ध संसाधनों का विवरण निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है:
https://www.mohfw-dohfw.gov.in/static/uploads/2026/05/57202cf30629539e4d0fb0a2f700ac62.pdf

*****